# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, बाराबंकी।

**पत्रांक– 2213/14–4–4, बाराबंकी, दिनांक, 04/2/2017.**

**सेवा में,**

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक
सरयू वृत्त, उ0 प्र0
फैजाबाद।

**विषयः–** जनपद बाराबंकी में एस्सार आयल लिमिटेड ए–5, सेन्टर–3 नोयडा द्वारा प्रस्तावित ग्राम– दादरा, तहसील– नवाबगंज, जनपद–बाराबंकी के गाटा संख्या– 909 रकबा– 0.409 हे0 एन0 एच0–28 लखनऊ–फैजाबाद मार्ग पर किमी0 40.00–41.00 के मध्य वायी पटरी पर स्थित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 0.167175 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं 6 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भः–** **भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र) अलीगंज लखनऊ के कार्यालय का पत्रांक– 8बी/यू0पी0/06/04/2017/एफ0सी0/100 दिनांक 12–01–2017 तथा मुख्य वन संरक्षक संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0 प्र0 लखनऊ के कार्यालय का पत्रांक– 1519/11–सी /एफ0पी0/यू0पी/अन्य/12699/2015 दिनांक 19–01–2017**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु प्रस्ताव में लगायी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर निम्न प्रकार आपकी सेवा में आवश्यक अभिलेख सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1– प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा अपने पत्र दिनांक 01–02–2017 द्वारा अवगत कराया है कि प्रस्ताव में प्रयुक्त गैर वन भूमि का क्षेत्रफल 45x45=2025 वर्ग मीटर अथवा 0.2025 हे0 है। जिसे आनलाइन अंकित करने में कठिनाई हो रही है इस लिए इसे आफ लाइन सूचित किया जा रहा है। क्षेत्रफल हेतु याचक द्वारा उपलब्ध कराया गया अभिलेख संलग्न है।

2– प्रस्ताव में प्रवेश एवं निकास मार्ग के कर्ब (मोड) का जी0पी0एस0 रीडिंग अंकित करते हुए जी0ओ0 रिफरेन्स मैप संशोधित कर चार प्रतियों में संलग्न है।

3– प्रस्ताव में हरियाली का घनत्व आन लाइन एवं आफ लाइन 0.01 अंकित था जिसे संशोधित कर 0.2 कर दिया गया है। आफ लाइन की चार प्रतियॉ संलग्न है।

4– प्रस्ताव में स्थल निरीक्षण रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में भरकर चार प्रतियों में संलग्न है।

5– क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्कता प्रमाण पत्र की प्रति भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में भरकर चार प्रतियों में संलग्न है।

अतः रिपोर्ट आपकी सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

( जावेद अख्तर )
प्रभागीय निदेशक
सा0 वा0 वन प्रभाग, बाराबंकी।

**संख्या / उक्तदिनांकित।**

1– प्रतिलिपि डिविजनल प्रबन्ध (यू0पी0–सी) एस्सार आयल लिमिटेड 315, 316, टीसी/जी–2/2 एवं टीसी/जी–5/5 तृतीय तल साइबर हाइट्स विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 01–02–2017 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

( जावेद अख्तर )
प्रभागीय निदेशक
सा0 वा0 वन प्रभाग, बाराबंकी।

त्रिभुवन/–